# भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
6ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

15 नवंबर 2024, शुक्रवार

## केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा महाराष्ट्र के हिंगोली, उमरखेड और चंद्रपुर में आयोजित विशाल जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

**महाराष्ट्र में एक ओर विकास एवं विरासत का संगम लाने वाली मोदी जी के नेतृत्व वाली महायुति है तो दूसरी ओर 'औरंगजेब फैन क्लब' की गोद में बैठने वाली महाअघाड़ी है।**

******************

**महायुति की सरकार बनना तय है। जनता महाविकास आघाडी का डब्बा गोल करेगी।**

******************

**एक ओर उद्धव ठाकरे अज़ान प्रतियोगिता आयोजित करवाते हैं तो दूसरी ओर हनुमान चालीसा पढ़ने वालों को पिटवाते हैं।**

******************

**महाविकास अघाड़ी कितना भी जोर लगा ले, महाराष्ट्र में मुसलमानों को आरक्षण नहीं देने दिया जाएगा।**

******************

**बाला साहेब ठाकरे महाराष्ट्र को जिस रास्ते पर ले गए और उद्धव उसके खिलाफ चल रहे हैं।**

******************

**अगर राहुल गांधी सच बोलने का दावा करते हैं तो उन्हें वीर सावरकर और बाला साहेब ठाकरे की भी प्रशंसा करनी चाहिए।**

******************

**उद्धव बाबू, असली शिवसेना कभी धाराशिव, छत्रपति संभाजीनगर, अहिल्यानगर नामकरण का विरोध नहीं कर सकती। आपके पास जो सेना है वो उद्धवसेना है। असली शिवसेना भाजपा के साथ है।**

******************

**महाराष्ट्र में उलेमाओं को मुस्लिम के लिए 10% आरक्षण, मौलानाओं को प्रतिमाह 15,000 रुपए और मस्जिदों के लिए 1,000 करोड़ रुपये देने का आश्वासन महाविकास अघाड़ी से मिला है।**

******************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शुक्रवार को महाराष्ट्र के हिंगोली, उमरखेड और चंद्रपुर में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और एनडीए की डबल इंजन की सरकार के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए विकास विरोधी महाअघाड़ी की जमकर आलोचना की। कार्यक्रम में भाजपा के सभी स्थानीय प्रत्याशियों सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

श्री शाह ने कहा कि आने वाली **20 नवम्बर को महाराष्ट्र में विधायक या सरकार चुनने के लिए मतदान नहीं है, बल्कि यह चुनाव तय करेगा कि महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज और वीर सावरकर के रास्ते पर चलेगा या औरंगजेब की राह पर चलेगा। महायुति गठबंधन ने छत्रपति शिवाजी महाराज और वीर सावरकर का रास्ता चुना है, लेकिन महाविकास अघाड़ी 'औरंगजेब फैन क्लब' बन गया है।** आगामी विधानसभा चुनाव महाराष्ट्र की संस्कृति की रक्षा, शिवाजी महाराज के स्वप्नों को पूरा करने और महान बाला साहब ठाकरे के सिद्धांतों पर चलने वाली सरकार चुनने का चुनाव है। इस चुनाव में सत्य और असत्य के दो खेमे बंट चुके हैं। **एक ओर विकास एवं विरासत का संगम लाने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में महायुति है, दूसरी ओर सत्ता के लिए 'औरंगजेब फैन क्लब' की गोद में बैठने वाले उद्धव ठाकरे और शरद पवार की महाविकास अघाड़ी है।** महाराष्ट्र की जनता का हर वोट भारत को भविष्य को मजबूत बनाएगा, किसानों को समृद्ध करेगा, लाड़ली

बहनों को उनका अधिकार और सम्मान दिलाएगा, युवाओं को रोजगार प्रदान करेगा और राज्य की संस्कृति, शिवाजी महाराज, वीर सावरकर, धर्मवीर संभाजी महाराज और तिलक महाराज का सम्मान करने का काम करेगा। **सोनिया गांधी ने "राहुल बाबा" नाम के प्लेन को 20 बार लॉन्च कराने का प्रयास किया और 20 बार ये प्लेन क्रैश हो गया। अब फिर से महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी के बलबूते पर 21वीं बार लॉन्च करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन 21वीं बार भी ये प्लेन क्रैश होना तय है।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि हाल ही में हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि वह जीत चुके हैं, मगर परिणामों में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया और भाजपा की सरकार बनी। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ पूरा देश है, महाराष्ट्र की हर लाडली बहना श्री एकनाथ शिंदे और श्री देवेंद्र फड़णवीस के साथ है और महाराष्ट्र का हर गरीब एनडीए के साथ है। आगामी विधानसभा चुनाव के परिणाम के बाद महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। **कांग्रेस ने 70 वर्षों तक धारा 370 को संभाल कर रखा, लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर दिया।** कांग्रेस कहती थी कि धारा 370 हटाने के बाद खून की नदियां बह जाएंगी, मगर 6 साल में किसी की कंकर मारने की भी हिम्मत नहीं है। यूपीए सरकार के तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री और कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे ने कहा कि गृहमंत्री होने के बावजूद उन्हें कश्मीर जाने में डर लगता था। मगर, आज वह अपने बच्चों के साथ बिना किसी चिंता के लाल चौक में शिकारा पर घूम सकते हैं। **राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी ने जम्मू और कश्मीर में यह प्रस्ताव पारित किया है कि धारा 370 की पुनः बहाली की जाएगी।** राहुल गांधी की बात तो दूर है, उनकी चौथी पीढ़ी भी वापस आ जाए, तो भी जम्मू और कश्मीर में धारा 370 वापस नहीं आएगी। **देश में 10 वर्षों तक सोनिया गांधी, मनमोहन सिंह और शरद पवार की सरकार रही, इस दौरान आतंकी पाकिस्तान से आकर बम धमाके करते थे और सोनिया-मनमोहन सरकार की कानों पर जूं तक नहीं रेंगती थी।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कार्यकाल में पाकिस्तान से आए आतंकियों ने उरी और पुलवामा में हमला करने की गलती की और **मात्र 10 ही दिनों के भीतर सर्जिकल और एयर स्ट्राइक करके पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकियों का सफाया कर दिया गया।**

श्री शाह ने कहा कि महाविकास अघाड़ी के सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में वक्फ बोर्ड में किए जाने वाले सुधार का विरोध कर रहे हैं। हाल ही में **कर्नाटक वक्फ बोर्ड ने कई गांवों को वक्फ संपत्ति होने का दावा किया है, इन गांवों में 500 साल पुराने मंदिर, किसानों की जमीन और यहां तक कि लोगों के घर को वक्फ संपत्ति घोषित किया गया है। इसके बाद भी कांग्रेस और शरद पवार एंड कंपनी वक्फ बोर्ड कानून में बदलावों का विरोध कर रही है।** विपक्ष चाहे कितना भी विरोध कर ले, **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार वक्फ कानून में संशोधन करके रहेगी।**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री शाह ने कहा कि जितना विकास कार्य हिंगोली विधानसभा में हुआ है, उतना कहीं और नहीं हुआ। हिंगोली के विकास के लिए लगभग 5 हजार करोड़ रुपए खर्च किए गए। 300 करोड़ रुपए की लागत से ग्रामीण सड़के बनाई गई, 70 करोड़ रुपए खर्च कर ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त किए गए और 84 करोड़ की लागत से हर घर जल पहुंचाने का कार्य किया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा लगाई गई, भगवान बाबा उद्यान बनाया गया और गोपीनाथ मुंडे सेठकरी भवन का निर्माण किया गया। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा 3300 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 361 पर 90% कार्य पूरा कर लिया गया है। 2400 करोड़ की लागत से बन रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 161 पर 4 लेन का कार्य पूरा किया गया। 1500 करोड़ की लागत से किसान संपदा योजना के तहत पैन गंगा प्रोजेक्ट शुरू किया गया और 100 विद्यार्थियों की क्षमता वाले मेडिकल कॉलेज को शुरू किया गया। 215 करोड़ रुपए की लागत से 8 मिलियन क्यूसेक वाटर स्टोरेज बनाने का कार्य किया गया। इसके साथ ही **राज्य के हर किसान को प्रति वर्ष 12 हजार रुपए किसान सम्मान निधि प्रदान की गई। महाराष्ट्र में पुनः महायुति सरकार बनने पर इसे बढ़ाकर 15 हजार किया जाएगा।** 1 लाख 71 हजार घरों में जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन प्रदान किए गए, 25 हजार लखपति दीदी बनाई गई और 3 लाख 84 हजार लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख का निशुल्क इलाज प्रदान किए गया। अब देश के प्रत्येक 70 वर्ष से अधिक उम्र के नागरिक को 5 लाख का मुफ्त इलाज अलग से उपलब्ध करवाया जाएगा। भाजपा ने क्षेत्र में 19 हजार घर बनाए और 1 लाख 57 हजार शौचालयों का निर्माण किया। सोयाबीन और कपास के किसानों को 125 करोड़ रुपए वितरित किए गए। **अभी राज्य में लाडली बहिन योजना के तहत महिलाओं को 1500 रुपये दिए जा रहे हैं, महाराष्ट्र की माताएं एक बार पुनः महायुती की सरकार बना दें, 1500 रुपये की राशि को बढ़ाकर 2100 रुपये कर दिया जाएगा।**

श्री शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने कहा था कि **लोगों के खातों में खटाखट पैसे पहुँच जाएंगे, मगर तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनाने के बाद भी जनता को कुछ नहीं दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी पार्टी को नसीहत दी कि वादे उतने ही किए जाएं जो जीतने के बाद पूरे हो सकें।** कांग्रेस ने जितने वादे कर्नाटक,

हिमाचल और तेलंगाना में किए थे, उनमें से कोई वादा पूरा नहीं हुआ। लेकिन **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के वादे पत्थर की लकीर हैं।** महायुति ने तय किया है कि सरकार बनने के बाद वृद्ध, विधवा और दिव्यंगों की पेंशन 1500 रुपए की जाएगी, **महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन का बनाया जाएगा और राज्य की हल्दी को पूरे विश्व में एक्सपोर्ट करने की व्यवस्था बनाई जाएगी।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस कार्य के लिए एक बोर्ड का गठन किया है और **महायुति सरकार ने 500 करोड़ रुपए की लागत से बाला साहब ठाकरे हरिद्रा प्रशिक्षण और संशोधन केंद्र की स्थापना की।** वर्धा-नांदेड रेल परियोजना को 5 वर्षों के भीतर पूरा कर दिया जाएगा। यवतमाल में सिंचाई क्षेत्र को बढ़ाया जाएगा और मुंबई-नागपुर एक्स्प्रेस वे से उमरखेड को जोड़ा जाएगा। **महिलाओं को 2 मुफ्त सिलेंडर दिए जाएंगे, किसानों के 3 लाख का ऋण माफ किया जाएगा।** किसानों की खेती संबंधी खरीदी पर एसजीएसटी माफ की जाएगी और किलों के रख-रखाव के लिए किला प्राधिकरण बनाया जाएगा। श्री एकनाथ शिंदे और श्री देवेंद्र फड़णवीस की सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 वर्षों तक राम मंदिर के मुद्दे को अटका कर रखा था, लेकिन आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के बाद केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया, मंदिर निर्माण भी करवाया और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को भी पूर्ण किया। **550 वर्षों के बाद, बाबर द्वारा मंदिर तोड़ने के बाद, पहली बार रामलला ने दिवाली अपने भव्य मंदिर में मनाई।** माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने औरंगजेब द्वारा तोड़े गए, काशी विश्वनाथ मंदिर का कॉरिडोर बनाने का कार्य भी किया है। गुजरात में सोमनाथ के मंदिर को भी सोने का बनाने का कार्य प्रारंभ हो गया है।

श्री शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना "औरंगजेब फैन क्लब" की गोद में बैठी है। **उद्धव ठाकरे अब उन लोगों के साथ जुड़ गए हैं, जिन्होंने औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर करने का विरोध किया, राम मंदिर के निर्माण का विरोध किया और जो कसाब का समर्थन करते थे।** उद्धव ठाकरे अपनी पार्टी को असली शिवसेना बताते हैं, मगर उनके पास केवल उद्धव सेना बची है, असली शिवसेना भाजपा के साथ है। उन्हें सोचना चाहिए कि **बाला साहेब ठाकरे ने महाराष्ट्र को जिस रास्ते पर ले गए और उद्धव उसके खिलाफ चल रहे हैं।** महाविकास अघाड़ी झूठे वादों का एक समूह है। **अगर राहुल गांधी सच बोलने का दावा करते हैं तो उन्हें वीर सावरकर के बारे में कम से कम दो अच्छे वाक्य कहने चाहिए। उन्हें बाला साहेब ठाकरे की भी प्रशंसा करनी चाहिए, जिन्होंने अपना पूरा जीवन हिंदुत्व के लिए बिताया।** उद्धव ठाकरे को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राहुल गांधी वीर सावरकर और बाला साहेब की प्रशंसा करें। **एक तरफ उद्धव ठाकरे अज़ान प्रतियोगिता आयोजित करते हैं और दूसरी तरफ हनुमान चालीसा पढ़ने वालों को पीटते हैं।** कुछ दिनों पहले **महाराष्ट्र में उलेमाओं के एक समूह ने कांग्रेस को एक आवेदन पत्र दिया है, जिसमें मुस्लिम समाज के लिए 10% आरक्षण की मांग, मौलानाओं को प्रतिमाह 15 हजार रुपए, मस्जिदों को ठीक करने के लिए 1 हजार करोड़ और एससी, एसटी ओबीसी की आरक्षण खत्म कर, विशेष वर्ग को आरक्षण देने की मांग की है।** एक ओर उद्धव ठाकरे राम मंदिर नहीं गए और दूसरी ओर एक वर्ग को 1 हजार करोड़ देने की बात मान गए हैं। महाविकास अघाड़ी कितना भी जोर लगा ले, महाराष्ट्र में मुसलमानों को आरक्षण नहीं दिया जाएगा। महाराष्ट्र के लोगों को चुनना है कि अघाड़ी चाहिए या महायुति।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि महायुति सरकार ने औरंगाबाद का नाम बदलकर संभाजीनगर, उस्मानाबाद का नाम धाराशिव और अहमदनगर का नाम अहिल्यानगर कर दिया। **वर्सोवा-बांद्रा सी लिंक का नाम बदलकर वीर सावरकर के नाम पर रखा गया और उत्तर महाराष्ट्र विश्वविद्यालय का नाम बदलकर बहिनबाई चौधरी विश्वविद्यालय कर दिया गया।** कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार पर ही ध्यान केंद्रित किया है, **संस्थानों का नाम केवल पंडित नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी जैसे नेताओं के नाम पर रखा है। कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया और जब कांग्रेस सत्ता से हटी, तब बाबा साहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया गया।** अमृत भारत के तहत हिंगोली रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण किया जा रहा है, पीने के पानी पर ₹100 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं, नरसी नामदेव मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

श्री शाह ने कहा कि **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध बनाया है। अब कोई भी आतंकवाद फैलाने की हिम्मत नहीं करता। महाराष्ट्र नक्सलवाद से मुक्त हो गया है।** सोनिया-मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक रूप से 11वें स्थान पर छोड़ दिया था और अनुमान है कि **2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।** श्री शाह ने कहा कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र के लोगों को 'कमल' के पक्ष में अपना वोट डालकर, महायुति का हर उम्मीदवार को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की।

**************************